सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 26 अगस्त, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में निर्मल आश्रम, ऋषिकेश के संत बाबा श्री जोध सिंह ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने निर्मल आश्रम द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने अवगत कराया कि निर्मल आश्रम द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं में सहयोग करने के साथ–साथ लोगों को व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। व्यावसायिक प्रशिक्षण का उद्देश्य गरीब, बेरोजगार और असहाय महिलाओं को आर्थिक रूप से योग्य बनाना है। इसके अलावा उन्होंने अन्य जानकारी भी दी।

राज्यपाल ने निर्मल आश्रम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा सेवाभाव से जो कार्य किया जा रहा है वह प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि निर्मल आश्रम शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में योगदान देकर समाज में अपने कर्तव्य को निभा रहा है जिससे कई लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इसके साथ–साथ लोगों को व्यवसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार के लिए तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्यों में अन्य संस्थाओं को भी आगे आना चाहिए। इस दौरान आश्रम के श्री विक्रमजीत सिंह, श्री गुरजिन्दर सिंह, श्रीमती कृष्णस्वामी भी उपस्थित रहीं।

..........0..........